समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 12 September 2026

# कनाडा मे भारतीय मूल की 26 वर्षीय युवती की गोली मारकर हत्या, पुलिस ने बताया 'टारगेटेड अटैक', आरोपी गिरफ्तार

Sanket Morankar Published on 27 Jul 2026



कनाडा के टोरंटो शहर में भारतीय मूल की 26 वर्षीय नवनीत कौर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। टोरंटो पुलिस ने इस घटना को '**टारगेटेड अटैक**' करार दिया है। मामले में 37 वर्षीय शरणजीत सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रथम श्रेणी (First-Degree Murder) हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब **7:23 बजे** हंबरवुड बुलेवार्ड और रेक्सडेल बुलेवार्ड के पास गोलीबारी की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवनीत कौर को गोली लगने के बाद गंभीर हालत में पाया। उन्हें तत्काल चिकित्सकीय सहायता दी गई, लेकिन घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपी महिला के पीछे-पीछे चल रहा था। उसने पहले नवनीत कौर से कुछ कहा, जिससे वह मुड़ीं। दोनों के बीच संक्षिप्त बातचीत हुई, जिसके बाद आरोपी ने उन पर एक गोली चलाई और हथियार लेकर मौके से फरार हो गया। गवाहों का कहना है कि दोनों के बीच किसी तरह का विवाद या बहस दिखाई नहीं दी।

घटना के बाद टोरंटो पुलिस ने ड्रोन, के-9 यूनिट और अन्य संसाधनों की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की। बाद में **शरणजीत सिंह** नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर प्रथम श्रेणी हत्या और न्यायिक शर्तों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है।

टोरंटो पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह मामला **पूर्व नियोजित और लक्षित हमला** प्रतीत होता है। हालांकि हत्या के पीछे की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। मामले की जांच पुलिस की होमिसाइड यूनिट कर रही है।

पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस घटना से जुड़ा कोई अन्य संदिग्ध फिलहाल फरार नहीं है। साथ ही, घटना से संबंधित जानकारी रखने वाले लोगों से आगे आकर पुलिस या **क्राइम स्टॉपर्स** से संपर्क करने की अपील की गई है।

यह घटना कनाडा में भारतीय मूल के समुदाय की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता का विषय बन गई है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.